प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

अंतिम चरण

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। तीसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार एक सौ 89 पंचायतों में वोट डाले गए। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक तीसरे चरण में कुल 6 हज़ार 6 सौ 15 वार्डों में मतदान हुआ। पंचायती राज चुनाव के अंतिम चरण में सिरमौर जिला की 89 पंचायतों के लिए आज वोट डाले गए। मतदान प्रक्रिया को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मतदान करने पहुंचे। युवा मतदाता जहां मतदान को लेकर उत्साहित नजर आए वही बुजुर्ग मतदाता भी वोट डालने पहुंचे और सभी लोगों से वोट डालने की अपील की।

उधर सोलन जिला की 82 ग्राम पंचायतों में भी आज अंतिम चरण का मतदान हुआ। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे। मतदाताओं का कहना है कि पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए मतदान किया है ताकि उनकी पंचायत का चहुमुखी विकास सुनिश्चित हो सके।

वहीं धर्मशाला से भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने धर्मशाला की रक्कड़ पंचायत में मतदान किया। मतदान के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की बुनियाद हैं और स्थानीय विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव आपसी भाईचारे और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक होते हैं।

पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए आज डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी और आज रात तक सभी नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों सहित चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए डाले गए वोटों की गिनती कल 31 मई को होगी।

....

मतगणना

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने तीन चरणों में हुए जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों जबकि 17 मई को चार नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन में हुए चुनाव के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के 91 विकास खंडों में कल 31 मई को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं

और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कुछ स्थानों पर मतगणना की वैब कास्टिंग भी की जाएगी।

....

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

....

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह से रूक–रूककर हल्की वर्षा व तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आई हैं और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राज्य के कई स्थानों पर ओलावृष्टि का समाचार भी है, जिससे सेब सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है।

....